तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि


# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 11 फरवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



08 चुनाव और परीक्षा ने घटाई लीजेंड 90 लीग में दर्शकों की भीड़...



10 फागुनदाह पहुंचा शहीद वसित रावटे का पार्थिव...




## खबर संक्षेप

### मंदिर से मूर्तियों की चोरी



**बालोद।** रामघाट मंदिर के पास स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में चांदी की मूर्ति समझ स्टील तांबा सहित अन्य धातु से बनी चार मूर्तियों और दानपेटी को रात के अंधेरे में अज्ञात चोर ले गया। मामले में कोतवाली थाने में कोई शिकायत नहीं की गई है। मंदिर समिति के सदस्य कृष्णा दुबे, जानू दुबे, कुबेर निषाद, प्रेमलता निषाद ने बताया कि रामघाट मंदिर के पास स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में कांच में पैक होकर रखी स्टील तांबा सहित अन्य धातु से बने चार मूर्तियां जो चांदी की मूर्ति की तरह दिख रही थी, जिन्हें रविवार और सोमवार की दरमियानी रात अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। चारों मूर्तियों की कीमत लगभग 25000 हजार बताई जा रही है। वहीं, कुछ दिनों पहले ही इसी मंदिर से दान पेटी की भी चोरी हो गई थी।

### ट्रक पलटने से आई चोट, लिखाई रिपोर्ट

**बालोद।** एनएच–30 मार्ग ग्राम जगतरा मंदिर के पास 2 फरवरी को रसोई गैस टंकी से भरे ट्रक पलट जाने से चालक की मौत हो गई थी, वहीं एक राहगीर भी इस घटना के चपेट में आकार घायल हो गया था। घायल राहगीर की रिपोर्ट पर शनिवार 9 फरवरी को पुरूर थाने में ट्रक चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। ग्राम मड़वापथरा धमतरी निवासी राजेश निषाद 50 वर्षीय ने बताया कि एनएच–30 मार्ग ग्राम जगतरा मंदिर के पास मैं विगत तीस वर्षों से हाटल का संचालन कर रहा हूं। 2 फरवरी को सामान लेने पैदल जा रहा था। एनएच–30 मार्ग ग्राम जगतरा मंदिर के पास पहुंचा था, तभी पीछे से चारामा की ओर से आ रहे गैस टंकी से भरा ट्रक क्रमांक सीजी–10–बीडी–2689 सड़क किनारे पलट गया। वाहन चालक भी वाहन से सड़क पर गिरा पड़ा था गिरने से उसके सिर पर चोट लगने से चालक की मौत हो गई थी। वहीं गैस सिलेण्डर सड़क पर गिरने से मेरे दाहिने पैर में चोट लगी थी, जिसका प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पुरूर में इलाज करवाया हूं।

### गोरैय्या मेला के अवसर पर छत्तीसगढ़ी नाचा कल

**लाटाबोड़/बालोद-सिकोसा।** माघी पुन्नी गोरैय्या मेला के अवसर पर गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मोहलई में 12 फरवरी को रात्रि 9 बजे से रात्रिकालीन कार्यक्रम जय गंगा मैया छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी कुही खुर्द (धूरे बंजारी) का आयोजन रखा गया है। मुन्ना लाल साहू श्री राम ठाकुर, टिकेश्वर हिरवानी, शिव कुमार हिरवानी, ताराचंद बाई यादराम साहू, भगवान सिह साहू, निर्मल सिंह साहू आदि हैं। बेदीलाल निर्मलकर मोहलई ने बताया कि आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### मुड़गहन में माघी पुन्नी मेला कल

**गुरूर।** ग्राम मुड़गहन में माघी पुन्नी के अवसर पर 12 फरवरी को शिव मंदिर प्रांगण पर मेला मड़ई रखा गया है। उप सरपंच प्रीतराम नागवंशी ने बताया कि ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए खोड़ा कुबरा नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### तितुरगहन में मानसगान सम्मेलन 14 से

**गुरूर।** ग्राम तितुरगहन में जय सरस्वती मानस मंडली द्वारा तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन 14 से 16 फरवरी तक किया गया है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जशवंत सार्वा होंगे, अध्यक्षता पुरण लाल चौधरी करेंगे। 15 फरवरी को संध्या आरती में मुख्य अतिथि सुरेश जाजू होंगे, अध्यक्षता संतोष गंगबेर करेंगे। वहीं, 16 फरवरी को समापन समारोह के मुख्य अतिथि केडी सोनबोईर होंगे, अध्यक्षता कमलनारायण शर्मा करेंगे।

---

## चुनाव : जिले के 171 मतदान केंद्रों में डाले जाएंगे वोट, प्रशासन ने पूरी की तैयारी

# आज 75106 मतदाता करेंगे 10 नगरीय निकायों के उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला, खुलासा 15 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के 01 नगर पालिका परिषद और 09 नगर पंचायतों में 11 फरवरी को चुनाव संपन्न होने जा रहा है। मतदान प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगी। बेमेतरा जिले के सभी 10 नगरीय निकायों में चुनाव के लिए 171 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसमें बेमेतरा नगर पालिका के 36 मतदान केंद्र शामिल हैं, जबकि 09 नगर पंचायतों में प्रत्येक के लिए 15-15 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। कुल 75,106 मतदाता इस चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिसमें 38,506 महिला मतदाता और 36,577 पुरुष मतदाता शामिल हैं। गौरतलब है कि इस चुनाव में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक है। चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा सभी चुनाव संबंधी गतिविधियों की निगरानी कर रहे हैं। सोमवार को कलेक्टर ने स्वयं उपस्थित होकर मतदान दलों को आवश्यक चुनाव सामग्री का वितरण कराया और उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू भी मौजूद रहे, जिन्होंने सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। जिला और पुलिस प्रशासन दोनों ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह चौकन्ना हैं और जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

**मतदान सामग्री वितरित:** मतदान सामग्रियों का वितरण कृषि उपज मंडी परिसर से किया गया, जहां सोमवार सुबह 7 बजे से ही सामग्री का वितरण शुरू हो गया। तकरीबन दोपहर 3 बजे तक सभी मतदान दलों को सामग्री वितरित की जा चुकी थी। नगर पालिका परिषद बेमेतरा के सामग्री वितरण के लिए 36 टेबल लगाई गई थीं, इसी प्रकार जिले के नगर पंचायतों में भी सामग्री का वितरण किये जाने की कार्यवाही की गई। सभी मतदान दलों को बसों के माध्यम से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उनके गंतव्य तक भेजा गया। सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम भी लगाया गया है, ताकि उनकी सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने रवानगी के दौरान सर्वप्रथम विधिवत पूजा-अर्चना की और इसके बाद मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने मतदान कर्मियों का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाओं के साथ उन्हें उनके गंतव्य की ओर विदा किया। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग, जिला सीईओ टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर दीप्ति वर्मा और सीएमओ कोमल ठाकुर भी उपस्थित रहे। सभी दल सकुशल अपने-अपने मतदान केंद्रों तक पहुंच चुके हैं।



### लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एसएसपी

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए सभी पुलिसकर्मियों को चेतावनी दी कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत से लेकर समाप्ति तक सुरक्षा में कोई कमी नहीं होनी चाहिए, और सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखा जाए। लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मतदान दलों को दिए गए इन निर्देशों के बाद सभी दलों ने अपने-अपने मतदान केंद्रों की ओर कड़ी सुरक्षा के बीच प्रस्थान किया। सभी मतदान कर्मी पूरी तैयारी के साथ मतदाताओं को सर्वोत्तम सुविधा देने और चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम

जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने मतदाताओं और मतदान कर्मियों की सुरक्षा और सुविधा का खास ध्यान रखा है। कलेक्टर रणबीर शर्मा और एसपी रामकृष्ण साहू की देखरेख में सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है, साथ ही सभी केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

**चुनाव की तैयारियों पर प्रशासन की पैनी नजर:** जिले में आचार संहिता लागू होते ही चुनाव की तैयारियों में तेजी आ गई थी। कलेक्टर रणबीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के नेतृत्व में चुनावी गतिविधियों पर पूरी तरह से निगरानी रखी जा रही है। मतदान के दिन भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके। मतदान समाप्त होने के बाद सभी मतदान केंद्रों से मतपेटियों को सुरक्षित तरीके से जिला मुख्यालय तक पहुंचाने के भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

### शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित मतदान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : शर्मा

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मतदान दलों को निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में धैर्य और संयम बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, साथ ही मतदान करने आने वाले मतदाताओं को हर संभव सुविधा प्रदान की जाए। कलेक्टर श्री शर्मा ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उनके लिए मतदान केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पानी और छाया की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, सभी मतदान कर्मियों को सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर उपस्थित अधिकारी और कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ काम करें और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तत्पर रहें। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुरक्षित चुनाव कराना है। इसके लिए मतदाता और मतदान कर्मियों दोनों के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं की गई हैं।

---

## शासकीय प्राथमिक शाला मड़ई के बच्चों को दिया गया न्योता भोज



**बेमेतरा।** विकासखंड बेमेतरा के शासकीय प्राथमिक शाला मड़ई में न्यौता भोज का आयोजन किया गया। संकुल समन्वयक सुखचंद चन्द्राकर ने बताया कि न्योता भोज ग्राम के वरिष्ठ नागरिक दाऊ अनुप राम साहू ने गृह पूजा एवं अपनी पौत्री के जन्मोत्सव के अवसर पर कराया गया। न्योता भोज में बच्चों को खीर पूड़ी, फल, मिठाई आदि खिलाई गई। न्योता भोज के अवसर पर सुमित साहू, ललित साहू, परमेश्वर साहू, कौशल साहू गोवर्धन लहरे प्रधान पाठक दिलीप उर्वशा सहायक शिक्षक, रसोइया एवं सफाईकर्मी उपस्थित थे।

## चेक बाउंस मामले में आरोपी को कारावास

**भिलाई।** दुर्ग कोर्ट ने चेक बाउंस मामले में आरोपी को एक साल की सजा दी है। आरोपी एस. नागेंद्र राव निवासी सेक्टर 7 को न्यायिक मजिस्ट्रेट ,प्रथम श्रेणी दुर्ग विवेक नेताम की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। आरोपी राव को सेक्टर 7 में ही रहने वाले परिवादी श्रीमती सरोज चौबे पति विनोद चौबे ने जरूरत के लिए 6 लाख 90 हजार रुपए उधार दिए थे। वर्ष 2015 से लेकर 2017 के बीच टुकड़ों में ये पैसे सरोज चौबे ने दिए थे। उधारी के एवज में आरोपी राव ने सरोज चौबे को चेक दिया था। चेक यूको बैंक सिविक सेंटर का था। जब परिवादी बैंक गया और चेक भुनाने के लिए लगाया।

## पहले मतदान, फिर दूसरा काम : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कलेक्टर ने की जिलेवासियों से की शत-प्रतिशत मतदान की अपील

नगरीय निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने जिलेवासियों से पहले मतदान, फिर काम के सिद्धांत को अपनाते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से कहा कि वे अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जाकर, लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपने बहुमूल्य वोट का उपयोग करें। कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले की 01 नगर पालिका परिषद और 09 नगर पंचायतों में होने जा रहे निकाय चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, हर एक वोट कीमती है और यह हमारे शहरों और नगरों के भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभाता है। हम सबको इस जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए चुनावों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

कलेक्टर ने मतदाताओं को आश्वस्त किया कि प्रशासन द्वारा सभी चुनावी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं, और सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। मतदाता बिना किसी चिंता के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

श्री शर्मा ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्र तक पहुंचे और मतदान करें। उन्होंने कहा, चुनाव ही एक ऐसा अवसर है जब हम अपने जनप्रतिनिधियों का चयन कर सकते हैं। अतः हमें इस अधिकार का सही तरीके से उपयोग करना चाहिए। कलेक्टर ने विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों से अपील की कि वे भी मतदान में सक्रिय रूप से भाग लें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा, लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है कि हम सभी मिलकर शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें और अपने क्षेत्र के विकास में योगदान दें। अंत में यह भी कहा कि मतदान एक नागरिक का महत्वपूर्ण कर्तव्य है और हम सभी को इस जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी से पालन करना चाहिए।

## गिरौदपुरी से मारो लौटने के दौरान ग्राम लवन के पास हुई दुर्घटना

# हाईवा की टक्कर से ट्रैक्टर सवार 2 की मौत, 28 घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला के मारो नगर पंचायत से ट्रैक्टर में सवार होकर गिरोधपुरी जाकर वहां से वापस आते समय लवण के पास हाईवे के द्वारा ट्रैक्टर को ठोकर मार दिया गया। दो व्यक्ति की दो एक महिला एक पुरुष की मौत हो गई तथा 28 लोग घायल हैं। सभी घायलों को बलौदाबाजार हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार मारो नगर पंचायत से ट्रैक्टर में मारो क्षेत्र के लोग गिरोधपुरी गए जहां से वापस आते समय रविवार की रात करीब 8 बजे ग्राम लवण के पास ट्रैक्टर के पीछे से एक हाईवे क्रमांक सीजी 04 एन आर 2600 द्वारा ट्रैक्टर को टक्कर मार दिया गया, जिससे ट्रैक्टर में सवार दो व्यक्ति जिसमें बिरझु पिता तुलसी उम्र 44 साल एवं महेशिया पति अमृत दास उम्र 60 की मौत हो गई।

वहीं, ट्रैक्टर में सवार 28 लोगों की लोग घायल हुए जिसमें प्रदीप मधुकर सुरेश मधुकर, पूजा, तुलली भास्कर, विश्राम चन्हिग बाई पात्रे, संदीप ,बैयाबीन, सुरेश मधुकर, सूरज भास्कर, तीजन बाई, बीरस बाई, सैंटोला महिलांग, जगदीश बंजारे, आशीष भारद्वाज, धनेश, दीपिका मात्र, भारती पात्रे, संगीता, रुपेश भारद्वाज मेनू, रविन्द्र, गोमा मन्ने, मधु बंजारे, आरती, सुरेश, उमेश बंजारे, भुवनेश्वरी भास्कर, इन्हलीत, संदीप भास्कर घनश्याम, शांति भारती, उषा भारद्वाज शामिल हैं इसमें से प्रदीप मधुर/सुरेश, सूरज/ दिलीप भारद्वाज, राजेन्द्र/ राजेश भास्कर, आशीष/ धनेश भास्कर, तुलसी/ विश्राम भास्कर, मधु पति जगदीश बाजारे, संतुला पति रेशम महिलांगे, चन्द्रिका पति संदीप पात्रे, गोमा पिता खिलावन का नाम शामिल हैं। घायलों में लगभग दस बच्चे भी हैं। ट्रैक्टर मारो के भागवत पिता बुधारी भारती का बताया जाता है।

---

## छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर में किया गया कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन

# प्रश्न पत्र तैयार करने व्याख्याताओं को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा






राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत एनसीईआरटी परख नई दिल्ली के निर्देशानुसार 5 दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के सभा कक्ष में किया गया।

कार्यशाला में राज्य के समस्त जिलों से प्रतिभागियों को शामिल किया गया था, बालोद जिले से जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले के निर्देशन में व्याख्याता सेजेस सिकोसा मधुमाला कौशल एवं शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय खुटेरी (खे) की प्रभारी प्राचार्य श्वेता पांडेय का चयन किया गया था।

होलेस्टिक प्रोग्रेस कार्ड (एचपीसी) सेकेंडरी स्टेज और स्टैंडर्डाइज़ेशन ऑफ़ क्वेश्चन पेपर टेम्पलेट्स विषय पर 5 दिवसीय कार्य शाला था, कार्यशाला सह प्रशिक्षण प्रश्न पत्र टेम्पलेट का मानकीकरण के लिए एनसीएआरटी परख के अध्यक्ष प्रोफेसर इंद्राणी भादुरी के मार्गदर्शन में एनसीईआरटी परख नई दिल्ली के दो रिसोर्स पर्सन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

इस कार्यशाला में प्रश्न पत्र कैसे बनाया जाता है उसके कौन कौन से स्टेप्स हैं, ब्लूप्रिंट निर्माण की प्रक्रिया एवं प्रश्न पत्र निर्माण के साम्य किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्कूली शिक्षा का ढांचा 5334 के बारे में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय स्तर पे सभी बोर्ड के प्रश्न पत्र में एकरूपता लाने के लिए मास्टर ट्रेनर तैयार करते हुए दक्षता आधारित अधिगम पर जोर दिया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष रेणु पिल्ले के संरक्षण में एवं सचिव पुष्पा साहू, सहसचिव अग्रवाल और सहायक प्राध्यापक डॉ प्रदीप कुमार साहू, प्रीति शुक्ला, मनीषी सिह, शिवा सोमवंशी के मार्गदर्शन में कार्यशाला का आयोजन हुआ। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा सहभागिता प्रदान करने के लिए जिला शिक्षा आधिकारी बालोद पीसी मरकले, एडीपीओ डीपी कोसरे, डीएमसी अनुराग द्विवेदी, एपीसी लेख राम साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गुण्डरदेही नवीन यादव को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## पेट्रोल पंपों पर होगी वाहनों की प्रदूषण जांच

**भिलाई।** जिले के 500 से ज्यादा पेट्रोल पंपों पर अब वाहनों की प्रदूषण जांच होगी। लोगों को इससे प्रदूषण सर्टिफिकेट बनाने में आसानी होगी। पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए छत्तीसगढ़ के पेट्रोल पम्पों पर वाहनों की प्रदूषण जांच के सेंटर (पीयूसी) स्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए पेट्रोलियम कम्पनियों ने अपनी सहमति दे दी है। आरटीओ द्वारा प्रदूषण जांच केंद्रों की फ्रेंचाइजी निजी लोगों को दी गई है। ऐसे लोग दुर्ग भिलाई के चौक-चौराहों पर अपनी चलित वाहनों में प्रदूषण जांच कर रहे हैं। दुपहिया वाहनों से ये लोग 40 रुपए और कार वाहनों से 80 रुपए तक शुल्क ले रहें हैं। पेट्रोल पंपों पर प्रदूषण जांच केंद्र शुरू होने से लोगों की सुविधाएं और बढ़ेगी। लोग पेट्रोल भरवाने आते ही है और वे यहां प्रदूषण जांच भी करवा सकेंगे।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### गांधी उद्यान में फिजियोथेरेपी शिविर



**रायपुर।** एफ-95 एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिसर्च सेंटर ने अपनी सीएसआर पहल के तहत लोकल मार्केट गांधी उद्यान और सिग्नेचर होम्स में निशुल्क फिजियोथेरेपी शिविरों का आयोजन किया। इन शिविरों में निवासियों को पोस्टर एनॉलिसिस, चलने-फिरने के तरीके का विश्लेषण और मांसपेशियों की ताकत की जांच जैसी उन्नत सेवाएं प्रदान की गईं। संस्था के प्रमुख डॉ. पंकज शाही ने बताया कि एफ-95 का उद्देश्य केवल उपचार ही नहीं, बल्कि मस्कुलोस्केलेटल (हड्डी और मांसपेशियों से जुड़ी) समस्याओं की रोकथाम पर भी ध्यान केंद्रित करना है। आधुनिक तकनीकों और व्यक्तिगत परामर्श के माध्यम से हम लोगों को सही पोस्चर और जीवनशैली में सुधार करने में मदद कर रहे हैं, जिससे भविष्य में होने वाली समस्याओं से बचाव किया जा सके।

### माकपा ने कांग्रेस के पक्ष में मांगा जनसमर्थन

**रायपुर।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की रायपुर जिला समिति ने बयान जारी करते हुए कहा कि एक साल पूर्व विधानसभा चुनाव में सत्ता में आने के बाद से भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता को अपने गुस्से का इजहार जरूरी है। रायपुर सहित पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार के राज में कानून व्यवस्था में भारी गिरावट है, राजधानी तो अपराधगढ़ और नशे के कर्मस्थली में बदल गया है । सत्ता में आने के बाद बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी गई, स्मार्ट मीटर के जरिए गरीब से बिजली तक छीन लेने और उसके निजीकरण का रास्ता खोला जा रहा है। माकपा ने इसीलिए आम जनता से भाजपा को हराने तथा इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी कांग्रेस को अपना मत और समर्थन देने की अपील आम जनता से की है।

### पीएससी में पूछे गए छग से संबंधित कई सवाल

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा 9 फरवरी को जिला मुख्यालय दुर्ग के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की गई थी। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में बड़ी संख्या में परीक्षार्थी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इस दौरान पहला शिफ्ट दस से बारह बजे था, वही दूसरा शिफ्ट तीन से पांच बजे आयोजित था। इस दौरान छग से संबंधित ज्यादातर प्रश्न पूछे गए थे, जिसमें पंचायीराज से संबंधित व छग मुहावरा, इनकम टैक्स व संधि विच्छेद और व्याकरण से से संबंधित प्रश्न ने अभ्यर्थियों को पसीने छुडाए रहे। पहले शिफ्ट में सौ और दूसरे में सौ प्रश्न पूछे गए थे। जिसमें प्रेक्टिकल और थ्योरी थे। जिला प्रशासन द्वारा पीएससी परीक्षा के लिए नोडल अधिकारी हितेश पिस्दा को बनाया गया था, उनसे संपर्क किया गया लेकिन उन्होने फोन रिसिव नही किया। प्रशासन द्वारा कितने केन्द्र बनाए और कितने छात्रों उपस्थित व अनुपस्थित थे। इसकी जानकारी जारी नही की गई।

### मतदान के लिए 18 दस्तावेज मान्य होंगे

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिका के सभी निर्वाचकों को आम निर्वाचन तथा उप निर्वाचन में मतदान केन्द्र पर मत डालने हेतु अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य किया गया है। इन दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज मतदान केन्द्र में पीठासीन अधिकारी या निमित्त प्राधिकृत मतदान अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मान्य दस्तावेजों में- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय किया गया मतदाता परिचय पत्र, बैंक, डाक घर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, पेन कार्ड, फोटोयुक्त विकलांगता प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी वैध फोटोयुक्त राशनकार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय द्वारा जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान पत्र, फोटो युक्त शस्त्र लाइसेंस आदि शामिल हैं।

# 70 वार्डों में मोहल्ला क्लिनिक की योजना धड़ाम, ठंडे बस्ते में प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर राजधानी रायपुर के 70 वार्डों में आम जनता को घर पहुंच स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने मोहल्ला क्लीनिक की योजना फिस्स हो गई है। सभी जोन कमिश्नरी को 10 जोन के 70 वार्डों में इसके लिए जगह चिन्हांकित करने का जिम्मा तत्कालीन नगर निगम कमिश्नर द्वारा दिया गया, पर अब तक मोहल्ला क्लीनिक का कहीं अता-पता नहीं है। वार्ड पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में मोहल्ला क्लीनिक खोलने के लिए जो प्रस्ताव जोन स्तर पर दिए थे, वे प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चले गए।

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने शहरवासियों को उनके मोहल्ले में जोन स्तर पर मोहल्ला क्लीनिक खोलने पूर्व में खाका तैयार किया गया, जिसमें 10 जोन के जोन कमिश्नरों से मोहल्ला क्लीनिक खोलने के लिए जगह तलाशने का जिम्मा मिला। शुरुआती दौर में तत्कालीन महापौर एजाज ढेबर ने नगर निगम जोन-1 संत कबीरदास वार्ड के गोंदवारा तालाब किनारे निर्मित सामुदायिक भवन के प्रस्तावित स्थान और बंजारी माता वार्ड में भनपुरी के समीप स्थित शिव मंदिर के पास सार्वजनिक हॉल का अवलोकन कर जोन कमिश्नर को मोहल्ला क्लीनिक खोलने निर्देश दिए।

## वार्ड में आम जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं मोहल्ला स्तर पर दिलाने की थी योजना

### भेजा था प्रस्ताव

शहीद पंकज विक्रम वार्ड में आंबेडकर चौक में भवन बनाकर मोहल्ला क्लीनिक शुरू करने निवृत्तमान पार्षद एवं जोन अध्यक्ष निशा-देवेंद्र यादव ने जोन-6 में प्रस्ताव बनाकर भेजा, पर शासन स्तर पर स्वीकृति नहीं मिल पाने से मोहल्ला क्लीनिक नहीं खुल पाया। इसी तरह भाठागांव में भी मोहल्ला क्लीनिक के लिए प्रस्ताव गया था, पर इस वार्ड में एक भी मोहल्ला क्लीनिक नहीं खुल पाया।




### जनहित में जरूरी है क्लीनिक

अमलीडीह पानी टंकी के पास स्थित पुराना पार्षद कार्यालय की जगह पर मोहल्ला क्लीनिक खोलने जोन-9 में प्रस्ताव दिया गया। चूंकि यह मुख्य मार्ग पर है और जोन कार्यालय के समीप में है, इसलिए जनहित में यहां मोहल्ला क्लीनिक खोलने की मांग रही। इससे वार्डवासियों को काफी सहूलियत मिलती, पर जनहित के इस प्रस्ताव पर अमल नहीं होने से इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पाया।

## लीजेंड 90 लीग में क्रिकेट देखने का जुनून और उत्साह कम, दर्शकों की उपस्थिति में गिरावट


# चुनाव और परीक्षा ने घटाई लीजेंड 90 लीग में दर्शकों की भीड़, 60 हजार सीटों में 500 से भी कम क्रिकेट प्रेमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद वीर नारायण स्टेडियम में चल रहे लीजेंड 90 लीग में क्रिकेट देखने का जुनून और उत्साह अपेक्षाकृत कम दिखाई दे रहा है। दर्शकों के लिए एंट्री फ्री किए जाने के बावजूद दर्शक स्टेटियम नहीं पहुंच रहे हैं। क्रिकेट प्रेमियों में अपने स्टार खिलाड़ियों को खेलते हुए देखने के लिए दिलचस्पी कम दिखाई दे रही है। इसकी प्रमुख वजह निगम चुनाव और स्कूल-कॉलेज की परीक्षा का दौर माना जा रहा है, जिसके चलते दर्शक स्टेडियम में आने से कतराते दिख रहे हैं। आयोजकों को उम्मीद थी कि बड़े क्रिकेट सितारों के खेलने से दर्शकों की भीड़ बढ़ेगी।

- लीग में शिखर धवन, सुरेश रैना, यूसुफ पठान जैसे स्टार खिलाड़ी मैदान पर उतर रहे, फिर भी दर्शक उम्मीद से भी कम

पहले दिन से ही दर्शकों की उपस्थिति कम रही और दूसरे तथा तीसरे दिन भी लगभग 500 दर्शक ही मैच का लुत्फ उठाने पहुंचे, जबकि स्टेडियम की कुल क्षमता 60 हजार सीटों से कहीं ज्यादा है। दर्शकों का उत्साह फीका होने से लीग के मुकाबलों का आकर्षण कम हो गया है। अगर चुनाव और परीक्षाएं न होती दर्शकों की संख्या में इजाफा हो सकता था। बता दें कि लैजेंड 90 लीग में शिखर धवन, सुरेश रैना, यूसुफ पठान, मोईन अली, तिलकरत्ने दिलशान और ड्वेन ब्रावो जैसे स्टार खिलाड़ी जमकर चौकों और छक्के लगा रहे हैं। इन दिग्गजों की बल्लेबाजी से हर दिन मैच को रोमांचक बन रहा है।



### इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में होगी दिग्गजों की भिड़ंत

*लीजेंड्स क्रिकेटरों को एक बार फिर मैदान पर खेलते देखने का मौका मिलने जा रहा है। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) में दुनियाभर के क्रिकेट दिग्गज सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, शेन वाट्सन जैसे खिलाड़ियों को खेलते देखना एक रोमांचक अनुभव होगा। रायपुर को इस टूर्नामेंट के दो सेमीफाइनल, फाइनल और कुल 7 मैचों की मेजबानी मिली है। इस टूर्नामेंट में भारत, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के क्रिकेट दिग्गज अपनी टीमों के साथ भिड़ते नजर आएंगे। टूर्नामेंट संभवतः 22 फरवरी से 16 मार्च तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्रिकेट प्रेमियों को शानदार मैचों का मजा लेने का मौका मिलेगा।*

### ऑनलाइन स्ट्रीमिंग में दर्शकों की संख्या लाखों में

लीजेंड 90 लीग पहली बार भारत में आयोजित किया गया है और इस मुकाबले पर करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों की नजरें टिकी हुई हैं। जबकि ऑनलाइन लाखों लोग मैच का लाइव आनंद ले रहे हैं, स्टेडियम में दर्शकों की संख्या अब भी बेहद कम है। रोज दो मुकाबले खेले जा रहे हैं, जिसमें पहला मैच 4 बजे और दूसरा 7 बजे से शुरू होता है। हालांकि इन मैचों का आकर्षण अभी भी सीमित दिखाई दे रहा है, क्योंकि स्टेडियम में प्रत्येक स्टैंड में महज 50 से 80 दर्शक ही दिखाई दे रहे हैं। इसके बावजूद, ऑनलाइन स्ट्रीमिंग में दर्शकों की संख्या लाखों में बनी हुई है। क्रिकेटप्रेमियों का यह उत्साह तब और बढ़ सकता है जब चुनाव खत्म होंगे।

### सीसीपीएल लीग से भी कम दर्शक

लीजेंड 90 लीग में इंटरनेशनल लेवल के स्टार खिलाड़ियों की उपस्थिति के बावजूद दर्शकों की संख्या सीसीपीएल लीग से भी कम रही है। आयोजकों का कहना है कि अन्य राज्यों और देशों में इस लीग के मैचों में दर्शकों की उपस्थिति हजारों में रहती है, लेकिन रायपुर में उतना उत्साह नहीं देखा जा रहा है। यह बात भी दिलचस्प है कि छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा पिछले साल जुन में आयोजित सीसीपीएल लीग में, जब कोई भी स्टार खिलाड़ी नहीं था और स्कूल-कॉलेज की परीक्षा हो चुकी थी, तब रोजाना हजारों दर्शक मैच का आनंद लेने पहुंचे थे। खासकर फाइनल में, जब 40 हजार से भी अधिक दर्शकों की भीड़ ने उस लीग को यादगार बना दिया था।

# मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेने पहुंचे निगम आयुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने रविवार को शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान दलों के लिए बैठने की व्यवस्था, छाया सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के उपलब्धता की जानकारी ली। प्रत्यक्ष अवलोकन के दौरान नगर निगम उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, जोन-2 कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे, जोन-3 कमिश्नर विवेकानंद दुबे, जोन-4 कमिश्नर अरुण ध्रुव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में पार्षद और महापौर के लिए 11 नवंबर को होने जा रहे मतदान के तैयारियों को लेकर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अलग-अलग जोन के मतदान केंद्रों में पहुंचकर वहां की व्यवस्था का अवलोकन किया। निगम जोन-2 के अंतर्गत दुर्गा कॉलेज परिसर के मतदान केंद्रों, जोन-3 क्षेत्र के तहत बीटीआई शंकर नगर और शासकीय शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर, शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल मोवा, आदर्श नगर मोवा स्कूल के मतदान केंद्रों का निगम आयुक्त ने अवलोकन किया।

- मतदान दलों के लिए छाया, बैठने की व्यवस्था सहित मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली
- नगर निगम चुनाव के लिए कल होगा मतदान

इसी तरह पुरानी बस्ती क्षेत्र स्थित सरस्वती कन्या शाला, सामाजिक वानिकी वनमण्डल परिसर के मतदान केंद्रों में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश देकर व्यवस्था दुरुस्त करने कहा।

# ट्रेन से गांजा तस्करी, रेलवे स्टेशन पर धरे गए दो शातिर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेन के जरिए गांजा तस्करी करने वाले शातिर तस्करों को पकड़ने में जीआरपी को बड़ी सफलता मिली है। स्टेशन पर चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर 1 के पास ट्रेन का इंतजार कर रहे दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास 10 किलो से अधिक मादक पदार्थ गांजा पाया गया। पुलिस ने आरोपी विवेक धाकड़ और मनीष मैथिल को गिरफ्तार किया। विवेक धाकड़ के पास 5 किलो 220 ग्राम गांजा था, जिसकी कीमत लगभग एक लाख 4 हजार 400 रुपए है, जबकि मनीष मैथिल के पास 5 किलो 240 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत एक लाख 4 हजार 800 रुपए है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। जीआरपी ने बताया कि यह कार्रवाई ट्रेन के जरिए गांजा तस्करी की घटनाओं पर कड़ी नजर रखते हुए की गई है। नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक रेल रायपुर श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा व उप पुलिस अधीक्षक एसएन अख्तर के निर्देश पर लगातार चेकिंग अभियान जारी है।

- मुनिगुड़ा ओडिशा से भोपाल तक गांजा तस्करी, कॉल डिटेल्स की जांच

### गांजा भोपाल ले जाने की थी योजना

दो तस्करों के पास कुल 10 किलो 460 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। आरोपी विवेक धाकड़ और मनीष मैथिल के कब्जे से गांजा के अलावा दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। आरोपियों ने यह गांजा मुनिगुड़ा ओडिशा से लेकर भोपाल मध्यप्रदेश जाने की योजना बनाई थी। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है और उन्हें शनिवार को विशेष एनडीपीएस न्यायालय रायपुर में पेश किया गया, जहां उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस बीच जब्त किए गए मोबाइल के कॉल डिटेल्स से जांच की जा रही है, ताकि तस्करी के नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

**बिलासपुर जोन में 8 हॉट बॉक्स डिटेक्टर इंस्टॉल**

# ट्रेन में नहीं फैलेगी आग की अफवाह, अब हॉट बॉक्स से मिलेगी सटीक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चलती ट्रेन में अचानक हॉट एक्सल की घटनाएं कई बार बड़े हादसों का कारण बन चुकी हैं। हल्की-सी चिंगारी या धुआं फैलने से आग लगने की अफवाह फैल जाती है, जिससे यात्री अपनी जान बचाने के लिए ट्रेन से कूद जाते हैं। पिछले एक साल में ऐसी तीन घटनाएं हुईं, जिनमें कई यात्रियों की जान गई। ऐसी घटनाओं से सबक लेते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने रोकथाम के लिए हॉट बॉक्स डिटेक्टर की तकनीक उपयोग में लाई, इससे घटनाओं पर अंकुश लगेगा। सीपीआरओ ने बताया कि 8 हॉट बॉक्स डिटेक्टर इंस्टॉल किए जा चुके हैं। इसके लगाने का काम जारी है।

बता दें कि ट्रेनों के पहियों की निरंतर गतिशीलता के कारण कभी-कभी बाल बेयरिंग विफल हो जाता है, जिससे पहिए (एक्सल) के तापमान में अचानक बढ़ोतरी होती है। यह समस्या ओवरलोडिंग, बेयरिंग की दोषपूर्ण स्थिति या अन्य तकनीकी कारणों से उत्पन्न हो सकती है। हॉट एक्सल के कारण अचानक आग लगने का खतरा रहता है। इसे रोकने के लिए अब रेलवे द्वारा हॉट बॉक्स डिटेक्टर जैसी तकनीक का उपयोग किया जाएगा।



### इस तरह काम करेगा डिटेक्टर

स्टेशन के आउटर पर हॉट बॉक्स डिटेक्टर का सेंसर ट्रेन आने का सिग्नल आते ही अलर्ट हो जाएगा। इससे निकलने वाली लेजर से ट्रेनों के पहिए की निगरानी की जा सकेगी। ट्रेक के किनारे लगने वाला उपकरण हॉट एक्सल या ब्रेक जाम होने की स्थिति में उसे भांप लेगा और रेलवे कंट्रोल को तुरंत इसकी ऑटोमेटिक सूचना मिल जाएगी। पहिए के तापमान की स्थिति और अन्य तकनीकी जानकारियां भी रिकॉर्ड हो जाएंगी। साथ ही नजदीकी स्टेशन पर लगे सिस्टम में भी समस्त सूचनाएं पहुंच जाएंगी। संबंधित विभाग के कर्मचारियों के मोबाइल पर भी अलर्ट मैसेज जाएगा। इससे समय रहते ही कर्मचारी गड़बड़ी को ठीक कर सकेंगे।

### ट्रेन के पहिए का तापमान मापने में सक्षम

हॉट बॉक्स डिटेक्टर 130 किमी प्रतिघंटे की गति से चलने वाली ट्रेन के पहिए का तापमान मापने में सक्षम है। इसकी मदद से ट्रेन के गुजरने के एक मिनट के अंदर ट्रेन के प्रकार, गति, पहिए के तापमान में अंतर का डाटा स्टोर किया जा सकता है। दो प्रॉक्सिमिटी सेंसर, दो इंफ्रारेड सेंसर व एक एचएबीडी बॉक्स से मिलकर बना है। प्रॉक्सीमिटी सेंसर ट्रेनों की गति, दिशा और लोड के प्रकार को बताता है, जबकि इंफ्रारेड सेंसर पहिए पर फोकस कर तापमान को मापता है। सारे संकेत हॉट एक्सल एवं हॉट बॉक्स डिटेक्टर को भेज देता है, जहां से इस मशीन के सॉफ्टवेयर में अंकित मोबाइल नंबरों पर सूचना पहुंच जाती है।

### डिटेक्टर लगाने का काम जारी

हॉट बॉक्स डिटेक्टर लगाने का काम जारी है। अभी तक 8 डिटेक्टर को इंस्टॉल किया जा चुका है। इस तकनीक से बोगियों के पहिए में आग की घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लग पाएगा।

- डॉ. सुरकर विपुल विलासराव
सीपीआरओ, दपूमरे

# आज तय होगी शहरी सत्ता...नौ नगर निगमों में भाजपा कांग्रेस में मुकाबला, धमतरी में कांग्रेस का उम्मीदवार ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव के लिए प्रदेशभर में सोमवार को मतदान होगा। दस नगर निगमों में से 9 में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला नजर आ रहा है। एक नगर निगम धमतरी ऐसा है, जहां कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन ही रद्द हो जाने के कारण यहां कांग्रेस का कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं है। यहां पर कांग्रेस ने किसी को भी अपना प्रत्याशी नहीं बनाया है। ऐसे में यहां पर भाजपा की जीत आसान लग रही है।

### रायपुर में मीनल-दीप्ति में मुकाबला

राजधानी रायपुर में हमेशा से ही भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला रहता है। इस बार यहां की सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होने के कारण भाजपा ने जहां नगर निगम में वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष रही मीनल चौबे को मैदान में उतारा है, वहीं कांग्रेस ने पूर्व महापौर प्रमोद दुबे की पत्नी दीप्ति दुबे को मैदान में उतारा है। इनके बीच ही सीधा मुकाबला है।

### राजनांदगांव में मधुसूदन के सामने युवा निखिल

राजनांदगांव में भी भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला है। यहां पर भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के समर्थक पूर्व में महापौर रह चुके मधुसूदन यादव को मैदान में उतारा है। भाजपा के अनुभवी प्रत्याशी के सामने कांग्रेस ने युवा चेहरे निखिल द्विवेदी को मैदान में उतारा है।




### कोरबा में भी सीधी टक्कर

कोरबा में भी भाजपा और कांग्रेस में सीधी टक्कर है। यहां से भाजपा ने संजू देवी राजपूत को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने उषा तिवारी पर दांव खेला है।

### बस्तर में दीपक-किरण की प्रतिष्ठा दांव पर

बस्तर के जगदलपुर नगर निगम में भी भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला है। यहां पर दोनों दलों के प्रदेशाध्यक्षों की प्रतिष्ठा दांव पर है। जहां भाजपा नगर निगम में लगातार पार्षद का चुनाव जीतने वाले संजय पांडेय को मैदान में उतारा है, वहीं कांग्रेस ने प्रदेश के संगठन महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू को टिकट दिया है। एक तरफ जहां मलकीत सिंह पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के खास समर्थक हैं, वहीं संजय पांडेय को किरण देव का खास समर्थक माना जाता है। ऐसे में दोनों पार्टियों के प्रदेशाध्यक्षों ने जीत के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकी है।

### धमतरी में भाजपा की राह आसान

धमतरी नगर निगम में भाजपा के सामने कांग्रेस का कोई भी प्रत्याशी मैदान में न होने के कारण यहां पर भाजपा के लिए जीत की राह आसान हो गई है। भाजपा ने प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस के प्रत्याशी विजय गोलछा का नामांकन रद्द होने के बाद कांग्रेस ने किसी और को अपना अधिकृत प्रत्याशी नहीं बनाया। कांग्रेस के एक और प्रत्याशी तिलक सोनकर ने भी नामांकन भरा था, लेकिन कांग्रेस ने उनको अपना प्रत्याशी नहीं बनाया, ऐसे में वे निर्दलीय ही मैदान में हैं।

### दुर्ग में भी सीधा मुकाबला

दुर्ग नगर निगम में भी इस बार महिला प्रत्याशियों को मौका मिला है। यहां भी रायपुर की तरह ही भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला है। भाजपा ने जहां अलका बाघमार को चुनाव मैदान में उतारा है, वहीं कांग्रेस ने प्रेमलता साहू पर दांव खेला है। दोनों नगर निगम में दस साल से ज्यादा समय पार्षद रह चुकी हैं।

# सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण, छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा ग्राम सांकरा स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल और धरसींवा में रविवार को निशुल्क सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण हमिशन स्ट्रॉनाहरर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में 220 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में सेल्फ डिफेंस एक्सपर्ट हर्षा साहू (अंतर्राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी) व सहायिका प्रतिमा कुमार ने छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न महत्वपूर्ण तकनीकों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आत्मरक्षा न केवल सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि यह आत्मविश्वास बढ़ाने और विपरीत परिस्थितियों में अपने बचाव के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना करते हुए विद्यालय प्रबंधन ने और भी एक्टिविटीज आयोजित कराने की इच्छा व्यक्त की। कार्यक्रम में फाउंडेशन के सचिव केंद्रिश श्री साहू, सनील जांगड़े, रेणुका वर्मा, अनिता धोवर, यमन साहू, दीपक साहू, अनिता साहू, भूमिका साहू, हेमा मानिकपुरी, प्रकाश चंद कुर्रे आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक की नौकरी छोड़ सेना में हुए थे शामिल

**बालोद।** जिले के लिए भावुक व हृदय विदारक क्षण जब शिक्षक की नौकरी छोड़ देश की सुरक्षा व सेवा के लिए सेना को चुनकर 33 वर्ष का नौजवान बीजापुर जिले में नेशनल पार्क के जंगल में डीआरजी, एसटीएफ व बस्तर फाइटर की संयुक्त टीम तथा नक्सलियों के मुठभेड़ में बालोद जिले के डौंडी ब्लॉक के सिंगघनवाही पंचायत के आश्रित ग्राम फागुनदहा के भारत माता के लाडले सपूत ने अपने अंतिम सांस तक लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए उनके पार्थिव देह को हेलीकॉप्टर से तांदुला रिसोर्ट के हेलीपैड में उतर कर श्रद्धांजलि के लिए रखा गया। उक्त अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, कृष्णकांत पवार, यशवंत जैन, राकेश यादव पूर्व विधायक प्रीतम साहू ,वीरेंद्र साहू, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, प्रेम साहू, अकबर तिगाला, धर्मेंद्र साहू सतानंद साहू सहित अन्य नेताओं ने पुष्प चक्र व पुष्पांजलि अर्पित कर कर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शहीद वसित रावटे के शहादत को नमन किया।

### आज व 15 को बंद रहेंगी शराब दुकानें

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने आदेश जारी कर नगरीय निकाय आम निर्वाचन अंतर्गत मतदान तिथि 11 फरवरी एवं मतगणना तिथि 15 फरवरी को शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश में बताया गया है कि नगरपालिकाओं के अध्यक्ष तथा पार्षद पदों के आम निर्वाचन 2025 को सम्पन्न कराने के लिए नगरपालिकाओं एवं नगर पंचायतों हेतु मतदान तिथि 11 फरवरी 2025 तथा मतगणना तिथि 15 फरवरी 2025 को शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 की उप–धारा (1) के अंतर्गत जिले के देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान, बालोद, गुरूर, दल्लीराजहरा, डौण्डी, गुण्डरदेही, अर्जुंदा, डौण्डीलोहारा एवं विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान, बालोद, गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा एवं संबंधित मदिरा दुकानों से संलग्न अहातों जैसे सी.एस. –2 (ग–कम्पोजिट अहाता), एफ.एल.–1 (ख–कम्पोजिट अहाता) को मतदान तिथि 11 फरवरी 2025 सम्पूर्ण दिवस तथा मतगणना दिवस 15 फरवरी 2025 मतगणना समाप्ति तक बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

### प्रतिबंधित पानी पाउच से भरा पिकअप पकड़ा

**भिलाई।** भिलाई निगम ने गौरव पथ पर प्रतिबंध पानी पाउच से भरा हुआ पिकअप वाहन पकड़ा। रूटिंग मॉर्निंग विजिट के दौरान जोन कमिश्नर ऐशा लहरे द्वारा संदेह होने पर रुकवाया । पता चला उसमें प्रतिबंधात्मक पानी पाउच से भरा हुआ है। जब उससे पूछा गया कागजात कहां है तो ड्राइवर नहीं बता पाया। शासन द्वारा पानी पाउच पर रोक लगाया गया है। क्योंकि पैकिंग के दौरान उचित मापदंड के अनुसार पॉलिथीन का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। पूरे गाड़ी को जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर में में लाकर के पंचनामा बनवा करके पानी पाउच को खाली करवाया गया। संबंधी एजेंसी सुरेश बागे पिता पी वी एक्का से 5 हजार रुपए अर्थ दंड काट करके गाड़ी को छोड़ दिया गया। पानी पाउच को जप्ती बना लिया गया।

### ओवरलोड और नो एंट्री वाले वाहनों पर शिकंजा

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने शहर के नो एंट्री और ओवर लोड वाले वाहनों पर अभियान चलाकर कार्रवाई किया है। एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि नो एन्ट्री में प्रवेश करने वाले, ओवर लोड, तेज रफ़्तार, शराब के नशे में, भारी वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है. ट्रैफिक पुलिस लगातार ऐसे वाहन चालको नजर रखी है। विगत माह सडक सुरक्षा माह के दौरान अनेक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए। कुल 1586 बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले दो पहिया चालको पर कार्रवाई कर हेलमेट वितरण किया गया। इसे रोकने जनवरी में 275 वाहन चालको पर कार्रवाई हुई। 16 नो एन्ट्री, 18 शराब सेवन कर, 18 तेज गति, 8 ओवर लोड, 139 आदेश अवहेलना एवं अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई किया गया है।

## परेशानी : गर्मी की शुरुआत में ही पानी की कमी ने बढ़ाई समस्या

# समझाइश के बाद भी रबी में ली धान की फसल, अब मवेशियों को चराना मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासन प्रशासन के संदेशों को नहीं मानने वाले किसानों को अब उसका खमियाजा भुगतना पड़ रहा है। धान की फसल अभी आरंभिक अवस्था में ही है, लेकिन पानी की कमी के कारण अपनी फसल को मवेशियों को चराना पड़ रहा है।

बीते कुछ सालों में गर्मी के मौसम में पानी को लेकर आई समस्याओं को देखते हुए प्रशासन ने किसानों से धान के स्थान पर दलहल-तिलहन व अन्य फसल लेने का अनुरोध किया था। बीते सालों में धान की फसल लेने के दौरान किसानों को पानी की समस्या से जूझना पड़ा था, लेकिन उससे सबक न लेते हुए जिले के कई किसानों ने वर्तमान में धान की फसल ली है, जिसका नुकसान अब वर्तमान में गर्मी के शुरूआती दिनों में ही उठाना पड़ रहा है। फसल को पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण जिस फसल को पशुओं से बचाने के लिए जाली लगाई थी, अब उन्हीं फसलों को मवेशियों से चराने को मजबूर हो गए हैं। गर्मी में धान की फसल की जगह दलहन-तिलहन व अन्य फसल लेने को लेकर प्रशासन द्वारा लगातार किसानों को जागरूक किया जा रहा है। लेकिन, उसके बाद भी कई किसानों ने धान की फसल ली। इसका असर अब दिखने लगा है। पानी की कमी होने से किसान खर्च करने के बाद भी फसल को पशुओं को चराने को मजबूर हैं।



**अभी से जवाब देने लगे बोर**

बता दें कि जिले के कई ग्रामों में गर्मी प्रारंभ होते ही खेतों में लगे बोर जवाब देने लगे हैं। कई बोर वर्तमान में क्षमता से कम पानी दे रहे हैं, तो कई बोर के अन्य कलपुर्जे गर्मी के कारण खराब होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके कारण गर्मी की शुरूआत में ही किसानों को पानी के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**खर्च हो गए हजारों रूपए**

एक ऐसा ही मामला बालोद ब्लाक के तांदुला नदी के तट पर स्थित हीरापुर से सामने आ रही है, जहां किसानों द्वारा धान का फसल बोई गई। उसके बाद मताई जोताई से लेकर फसल लगाने तक हजारों रूपये किसानों द्वारा खर्च किए गए। लेकिन, फसल लगाने के बाद गर्मी के शुरूआती दिनों में ही किसानों को एक बोर के माध्यम से 8 एकड़ की फसल लेने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसका असर दिखने लगा है और खेतों में दरारें आने लगी हैं। धान के पौधों को पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण वे सूखने लगे हैं। वहीं, फसल को बचाने का कोई विकल्प न मिलता देख किसानों ने फसल पशुओं को चराने का निर्णय लिया जा रहा है। नौबत यहां तक आ गई है कि कई किसान अपने फसलों को पशुओं के चरने के लिए छोड़ रहे हैं।

# आंगनबाड़ी व स्कूलों में 27 फरवरी से 2 मार्च तक खिलाई जाएगी फाइलेरिया की दवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामुहिक दवा सेवन एवं कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम चलाया जाना था, जिसके तहत पूर्व में 10 फरवरी को देशभर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाना था। लेकिन स्थानीय चुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता को देखते हुए सामुहिक दवा सेवन की तिथि में परिवर्तन कर उसे 27 फरवरी से 13 मार्च कर दिया गया है।

इसके तहत अब 27 फरवरी से 2 मार्च तक बूथ लगाकर दवा सेवन आंगनबाड़ी, स्कूल एवं शैक्षणिक संस्थाओं में दवा सेवन करवाया जाएगा। 3 मार्च से 10 मार्च तक घर-घर भ्रमण के तहत सामुदाय स्तर पर घर घर भ्रमण कर दवा सेवन करवाया जाएगा। 11 मार्च से 13 मार्च तक मॉप अप राउंड के तहत छूटे हुए जनसंख्या को दवा सेवन करवाया जाएगा। 27 फरवरी से 13 मार्च तक एमडीए कार्नर के तहत मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र तथा अन्य निजी चिकित्सालय मे ओपीडी के पास बूथ लगाकर दवा सेवन करवाया जाएगा। सामुहिक दवा सेवन एवं कृति मुक्ति दिवस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य, पोषण संबंधी स्थिति, शिक्षा और जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाया जा सकता है।

### 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को कृमि मुक्त करने का लक्ष्य

इस दिवस का शुभारंभ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 में किया गया था। इस दिवस का उद्देश्य सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, निजी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को कृमि मुक्त करना है। गौरतलब है कि संपूर्ण विश्व में कृमि संक्रमण से सर्वाधिक प्रभावित बच्चे भारत में ही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2014 में यह अनुमान लगाया था कि भारत में 1–14 वर्ष के आयु वर्ग वाले 22 करोड़ से भी अधिक बच्चों को उससे खतरा है। ज्ञातव्य है कि कृमि मनुष्य की आंतों में रहते हैं और शरीर के लिए जरूरी पोषण तत्वों को नष्ट कर देते हैं।

# सशिमं संबलपुर में भैया बहनों ने सुनी परीक्षा पे चर्चा

**डौंडीलोहारा।** सरस्वती शिशु मंदिर संबलपुर में प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा पे चर्चा पर सभी भैया बहन एवं आचार्य तथा दीदियों ने मोबाईल के माध्यम से ध्यान पूर्वक सुना। इस अवसर पर प्रधानाचार्य होमलाल पटेल, कार्यालय प्रमुख रेखा पटेल, आचार्य घ्यानश्याम दास बघेल, नंदकिशोर कोठरी, डेविड साहू, रेखा सहारे एवं समस्त आचार्य दीदी जी के साथ भैया विनय, कोमेश, बहन रुचि, लेखा, नैना एवं समस्त पालक सम्मिलित रहे।




# दल्लीराजहरा नगर पालिका अध्यक्ष कौन फैसला आज, खुलासा 15 को

**दल्लीराजहरा।** नगर पालिका दल्ली राजहरा अध्यक्ष कौन होगा इसके लिए शहर के मतदाता आज अपनी मुहर लगा देंगे। इसी तरह वार्ड पार्षदों के भाग्य का फैसला भी ईवीएम में कैद हो जाएगा। हालांकि, इसका खुलासा 15 फरवरी को मतगणना के बाद होगा।

दल्लीराजहरा शहर का प्रथम नागरिक बनने भाजपा, कांग्रेस और संयुक्त मोर्चा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। इस नगर पालिका पर पिछले 24 साल से कांग्रेस का कब्जा है, लेकिन इस बार भाजपा ने उसका किला भेदने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। बता दें कि कांग्रेस ने रवि जायसवाल को मैदान में उतारा है, जो पहले नगर पालिका के उपाध्यक्ष रह चुके हैं और शहर में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार का वादा कर रहे हैं। वहीं, भाजपा ने तोरण लाल साहू को उम्मीदवार बनाया है, जो सुशासन, शिक्षा और स्वास्थ्य सुधार के मुद्दों पर चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, संयुक्त मोर्चा से संतोष देवांगन मैदान पर उतरे हुए हैं। बहरहाल, शहर की जनता किसे अपना नया नगर पालिका अध्यक्ष चुनती है, यह तो 15 फरवरी को मतगणना के बाद ही पता चल पाएगा।





# बीएसपी स्कूल क्रमांक 2 में किया गया मतदान सामग्री का वितरण

■ कलेक्टर चंद्रवाल ने लिया तैयारियों का जायजा

**दल्लीराजहरा।** कलेक्टर चंद्रवाल ने नगरीय निकाय चुनाव को लेकर बीएसपी स्कूल क्रमांक 2 में तैयारियों का जायजा लिया। 11 फरवरी को मतदान की तिथि निर्धारित की गई है, नगर पालिका दल्ली राजहरा में सफलतापूर्वक मतदान कराने बीएसपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 2 के प्रांगण में 10 फरवरी को प्रातः 9 बजे से मतदान सामग्री वितरण किया गया।

सामग्री वितरण के दौरान बालोद कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल बीएसपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 पहुंचे। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर नूतन कुमार कवर ने चुनाव की समस्त तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि सामग्री वितरण के लिए 5 काउंटर बनाए गए। 47 मतदान केंद्र के लिए 47 पीठासीन एवं 8 मतदान दलों को रिजर्व रखा गया है। 4 सेक्टर अधिकारी एवं एक रिजर्व रखा गया है। सामग्री वितरण प्रांगण में एक मेडिकल यूनिट की व्यवस्था की गई है एवं मतदान केन्द्रों में मतदान दलों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल द्वारा स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मतदान दलों से बातचीत कर सफल मतदान कराने शुभकामनाएं दी। रिटर्निंग ऑफिसर नूतन कुमार कंवर ने हरी झंडी दिखाकर मतदान दलों को रवाना किया गया। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर दीपक चंद्राकर, भूपेंद्र वारडेकर एवं जिला मास्टर ट्रेनर विजय कुमार देवांगन उपस्थित रहे।



# बेटे-बेटियों के लिए रिश्ता ढूंढना है तो 16 फरवरी को पहुंचें महादेव घाट रायपुर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ रिश्ते तलाशने में होने वाला खर्च व समय बचाने छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की पहल

■ समाज ने खर्चीली शादी से बचने सामूहिक आदर्श विवाह अपनाने

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज, रायपुर महानगर इकाई एवं जिला तथा महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश स्तरीय एकदिवसीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं निःशुल्क सामूहिक आदर्श विवाह एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन 16 फरवरी को किया जा रहा है। कार्यक्रम राजधानी रायपुर के महादेव घाट रायपुरा स्थित समाज के प्रदेश कार्यालय में रखा गया है। कार्यक्रम का आयोजन विवाह योग्य बेटे-बेटियों के लिए रिश्ते तलाशने में लगने वाले समय तथा खर्च को बचाने के साथ ही खर्चीली शादी से लोगों को बचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश सचिव एवं रायपुर महानगर इकाई के अध्यक्ष सुंदरलाल यादव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विवाह योग्य बेटे-बेटियों के लिए योग्य वर की तलाश करने वालों को एक ही स्थान पर मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम के माध्यम से युवक-युवतियां मंच पर नाम, शिक्षा, अपनी रुचि के साथ ही अपने परिवार के संबंध में जानकारी देंगे। इस दौरान उनके माता-पिता एवं अन्य परिजन भी जो वहां उपस्थित रहेंगे, वे अपनी पसंद के अनुरूप बायोडाटा मिलने पर दूसरे पक्ष से मिलकर चर्चा कर सकते हैं। श्री यादव ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर ऐसी व्यवस्था की जा रही है, कि दोनों पक्षों के लोग आपस में बैठकर चर्चा कर सकें। इससे कार्यक्रम स्थल पर ही कई रिश्ते तय हो सकते हैं। श्री यादव ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क सामूहिक आदर्श विवाह का भी आयोजन किया जाएगा। इसके लिए अभी तक 8 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है और 15 फरवरी तक समाज का कोई भी परिवार पंजीयन करवा सकता है। श्री यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का कोई भी परिवार अपने बेटे-बेटियों का विवाह यहां कर सकता है। उनके विवाह का पूरा खर्च समाज वहन करेगा। इसके साथ ही युवक-युवतियों का बायोडाटा एकत्रित करने के लिए कार्यक्रम स्थल पर पंजीयन की भी व्यवस्था रहेगी।

### बनाई गई टीम, सौंपी गई जिम्मेदारी

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को महादेव घाट रायपुरा, रायपुर स्थित समाज के प्रदेश कार्यालय में समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान श्री यादव ने बताया कि कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन के लिए अलग-अलग टीम बनाई गई है। समाज के सदस्यों को पंजीयन, भोजन, पेयजल, सामूहिक विवाह, अतिथि स्वागत, राउत नाचा, बैठक व्यवस्था सहित विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में सुंदरलाल यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शत्रुहन लाल यादव, कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रीतम यादव, सचिव बैसाखू राम यादव, न्याय प्रकोष्ठ अध्यक्ष परदेशी राम, संरक्षक घुरऊ राम, संगठन सचिव नरेश यादव, मीडिया प्रभारी शशिकान्त यादव, सुरेंद्र यदु, कार्तिक राम, कमल यादव, घनाराम, गणेश, अशोक, मनोज, पतिराम यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।

### दो सत्रों में होगा कार्यक्रम

श्री यादव ने बताया कि कार्यक्रम दो सत्रों में होगा। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष एवं चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव होंगे, अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव एवं रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय होंगे। वहीं, समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव होंगे, अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव करेंगे। विशेष्ट अतिथि रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की सदस्य एवं समाज की महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष आशा संतोष यादव होंगी।

# अपनी नोटबुक खुद लिखें और बार-बार पढ़ें : मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को परीक्षा का तनाव कम करने के दिए टिप्स

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 10 फरवरी को प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत के निर्देशन में शैलेंद्र साहू व प्रेमलता योगी के प्रयासों से लैपटॉप व प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी ने बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले देशभर के स्टूडेंट्स को परीक्षा के तनाव को कम करने के टिप्स दिए। इस कार्यक्रम के जरिए स्टूडेंट्स को पीएम मोदी संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जितना ज्यादा आप लिखेंगे उतनी ज्यादा शार्पनेस आएगी।

परीक्षा कक्ष में कोई अन्य छात्र कितनी स्पीड से लिख रहा है, अगल-बगल में कौन क्या कर रहा है, वह सब छोड़कर खुद पर भरोसा रखें। पीएम मोदी ने कहा कि दबाव पर हमें अपने तरीके से जीत हासिल करनी है, ये संकल्प करना है। पीएम मोदी ने कहा कि परीक्षा के तनाव को परिवार और टीचर दोनों मिलकर एड्रेस करें। पीएम मोदी ने कहा कि परीक्षा के दौरान अपना ध्यान केंद्रित करें और परीक्षा की तैयारी पहले से करें। परीक्षा के लिए लिखने की आदत डालनी चाहिए। अपनी नोटबुक के अंदर खुद लिखें और उसे बार-बार पढ़ें, जिससे आपको लिखने की आदत हो जाएगी।



### दोस्तों से ईर्ष्या न करें, उनसे सीखें

हम अपने दोस्तों से स्पर्धा और ईर्ष्या के भाव में न डूबें, बल्कि दोस्तों से सीखें। श्री मोदी ने कहा कि दोस्ती लेनदेन का खेल नहीं है। दोस्तों के बीच निस्वार्थ् प्यार होता है। दोस्ती जिंदगी भर साथ रहती है। दोस्त हमसे ज्यादा तेजस्वी व तपस्वी चुनने चाहिए और उनसे हमेशा सीखने की कोशिश करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि छात्रों को अपने दोस्तों से स्पर्धा नहीं करनी चाहिए, बल्कि खुद से कंपटीशन न करें. ऐसे करने से आप होशियार दोस्त नहीं बनाएंगे।

### बच्चों के बीच तुलना करने से बचें

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अपने बच्चों के बीच तुलना करने से बचें। ऐसे करना से वह जहरीले वृक्ष के समान हो जाता। प्राचार्य श्री राजपूत ने चर्चा खत्म होने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की बातों को ध्यान में रखें और परीक्षा की तैयारी अच्छे से करें और अपने लक्ष्य तक पहुँचे। बच्चों ने ध्यान पूर्वक उनकी बातों को सुनी और संकल्प लिया कि उनकी बातों को अपने जीवन में लाएंगे। कार्यक्रम में शिक्षक भातेन्द्र कुमार गंगराले रोहित देशमुख देवश्री साहू मालती साहू उषा ठाकुर ममता तिवारी पूर्णिमा कोसले लीना जोशी मीनाक्षी नेताम, गुलशन चंद्राकर, किशोर दिल्लीवार संकुल समन्वयक, दीपमाला यादव, तरुण साहू एवं कक्षा 9वी से 12वी के 140 विद्यार्थी उपस्थित थे। बच्चों ने प्रधानमंत्री की बातों को सुनकर परीक्षा के तनाव को कम करना, प्रभावी तैयारी तकनीकों को बढ़ावा देना और शिक्षा और व्यक्तिगत विकास के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण को ध्यान रखते हुए पढ़ाई करने और आगे बढने की बात कही।

Health Town
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक शाला खोरदो में शिक्षक ने दिया नेवता भोज

**गुरूर।** शासकीय प्राथमिक शाला खोरदो में शिक्षक नरेश कुमार साहू ने अपने जन्मदिन पर स्कूल के बच्चों को न्योता भोज कराया। इस दौरान शाला के हेमंत कुमार साहू, नरेश कुमार साहू, चुलेश कुमार साहू, रसोईया सतभान साहू, हीरामणी यादव एवं बच्चे उपस्थित थे।

### ग्राम खर्रा में हुआ पंचम आवर्ती वर्ग प्रशिक्षण



**गुरूर।** रविवार को एक दिवसीय पंचम आवर्ती वर्ग प्रशिक्षण संकुल केंद्र अरमरीकला के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर खर्रा में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अपनी परंपरा के अनुसार दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ किया गया। मुख्य वक्ता पूर्व प्रांतीय सचिव एवं वर्तमान सदस्य जिला ग्राम भारती बालोद सियाराम सार्वा, जिला समन्वयक दीपक हिरवानी, सलाहकार मंडल के सभी सदस्य गण एवं संकुल के सभी प्रधानाचार्य की उपस्थिति में यह वर्ग संपन्न हुआ। प्रथम कालांश में शारीरिक द्वितीय कालांश में सियाराम सार्वा द्वारा अंग्रेजी एवं हिंदी विषय का कालांश लिया गया। तृतीय कालांश में दीपक हिरवानी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। चतुर्थ कालांश में शिशु गीत लिया गया। अंत में भारत माता आरती और संगठन मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस वर्ग में 52 आचार्य व दीदियां उपस्थित रहे।

### नेवारीकला में शुरू हुई क्रिकेट प्रतियोगिता

**बालोद।** ग्राम नेवारीकला में मां शीतला क्रिकेट क्लब द्वारा 9 फरवरी से प्लास्टिक बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का समापन 15 फरवरी को होगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7001 रूपये, द्वितीय 5001, तृतीय 3001, चतुर्थ 2001 रूपये रखा गया है। समिति के अध्यक्ष कुबेर निर्मलकर, उपाध्यक्ष मेहुल विश्वकर्मा, सचिव पोषण विश्वकर्मा, सहसचिव मोनेश साहू, कप्तान गोपेन्द्र रावत, उपकप्तान टिकेश्वर रावत, देवेश विश्वकर्मा तथा ग्रामीणों का सहयोग है।

### मड़ई के दौरान मारपीट, मामला दर्ज



**बालोद।** सुरेगांव पुलिस ने 8 लोगों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2) (3), 3(5), 109, 191(2), 191(3), 190 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। ग्राम सिंगारपुर निवासी खोमलाल राणा 21 वर्ष ने बताया कि 5 फरवरी को गांव की मड़ई थी। मड़ई देखने मेरी बुआ का बेटा समीर कोलियारा ग्राम गोरकापार तथा टीकम ग्राम परना के साथ देखने गए थे। मड़ई में एक लड़की पर टिप्पणी करने पर समीर, टीकम ने कुछ लड़कों को मना किया, तब गांव के भुवन निषाद, मुकेश निषाद, टेमन निषाद, लिक्कू निषाद, करण विश्वकर्मा, दुर्गेश निषाद, ईवन निषाद और रेमन निषाद ने दोनों लड़को से गाली गलौज कर रहे थे। इसका विरोध करने पर भुवन, दुर्गेश, करण, ईवन चारों मुझे धक्का देकर जमीन में गिरा दिये और मेरे साथ मारपीट करने लगे। तब समीर बीच बचाव करने लगा, तो करण और दुर्गेश मुझे छोड़कर समीर को मारने लगे और रेमन, मुकेश, टेमन, लिक्कु चारों टीकम को हाथ मुक्का से मारने लगे, टेमन और लिक्कु दोनो टीकम का हाथ पकड़े थे, तब रेमन ने अपने पाकिट से एक चाकू नुमा हथियार निकाल कर टीकम को तीन बार उसकी पीठ के बांयीं तरफ मारी और भाग गए। टीकम को मोटर सायकल पर बैठाकर शासकीय अस्पताल देवरी ले कर गये। जहां से राजनांदगांव रिफर कर दिया गया, जहां इलाज जारी है। इस मामले में 7 फरवरी को

## शहादत : सेना के हेलीकॉप्टर से गांव पहुंचाया गया जवान का शव, फफक पड़े परिजन

# फागुनदाह पहुंचा शहीद वसित रावटे का पार्थिव शरीर, तीन साल की बेटी ने दी मुखाग्नि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बीजापुर जिले के नेशनल पार्क एरिया कमेटी क्षेत्र के जंगल में हुई मुठभेड़ में जिले के डौंडी ब्लॉक स्थित सिंघनवही के आश्रित ग्राम फागुनदाह के भारतीय सेना के एसटीएफ में आरक्षक/ 1688 के पद पर पदस्थ वसित रावटे नक्सलियों से मुठभेड़ में शहीद हो गए। यह मुठभेड़ बीजापुर जिले के नेशनल पार्क एरिया कमेटी क्षेत्र के जंगल में हुई है, जहां डीआरजी, एसटीएफ और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम माओवादियों से भिड़ गई। नक्सलियों से लोहा लेते हुए 33 साल की उम्र में जवान वासित रावटे शहीद हो गए। गृहग्राम फागुनदाह में उनकी तीन साल की मासूम बेटी के हाथों मुखाग्नि दिलाई गई।



शहीद वसित कुमार रावटे



नाम – वसित रावटे पिता कल्याण सिंह रावटे
पदनाम – आरक्षक / 1688
जन्मतिथि – 26.10.1991
भर्ती दिनाँक – 12.04.2016
शहीद दिनाँक – 09.02.2025
स्थाई पता – फागुनदाह, डौण्डी जिला–बालोद





### 15 दिनों पहले छुट्टी पर आया था घर, 16 वें दिन आई शहीद होने की खबर



शहीद के बड़े भाई और उनके दोस्त बताते हैं कि वसित ने पढ़ाई के दौरान से ही फोर्स जॉइन कर देश सेवा करने का लक्ष्य बनाया था। 2015 में फोर्स जॉइन की और चार साल बाद 2019 में उनकी शादी हुई, उसकी डेढ़ साल और तीन साल की दो मासूम बेटी है। जवान 15 दिन पहले ही छुट्टी पर गांव आया था, जो छुट्टी पूरा होने के बाद ड्यूटी पर लौटा था। रविवार को अचानक नक्सलियों से लोहा लेते हुए शहीद होने की खबर उनके परिवार को मिली और सोमवार को उनका पार्थिव शव वापस गांव पहुंचा। जवान का शव देख उनकी पत्नी और परिवार के लोगों की आंखों से बहते आंसू छलकने का नाम नहीं ले रहे थे। वहीं, इस मंजर को देख गांव के हर व्यक्ति की आंखों से आंसू छलक पड़े।

### कलेक्टर, एसपी ने दी श्रद्धांजलि

बालोद/दल्लीराजहरा। बीजापुर जिले के राष्ट्रीय उद्यान के वन क्षेत्र में विगत 09 फरवरी को डीआरजी, एसटीएफ व बस्तर फाईटर की संयुक्त टीम और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में बालोद जिले के शहीद जवान वसित कुमार रावटे के पार्थिव शरीर को आज बालोद हेलीपेड में नम आँखों से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिले के डौण्डी विकासखण्ड के फागुनदाह के निवासी वसित कुमार रावटे एसटीएफ में आरक्षक के पद पर बीजापुर जिले में पदस्थ थे। आज उनका पार्थिव शरीर बालोद स्थित हेलीपेड पहुँचा। जहाँ कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत सहित जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में लोगों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया। उसके बाद उनके पार्थिव शरीर के वाहन को गृह ग्राम फागुनदाह रवाना किया गया। ग्राम फागुनदाह में वीर जवान वसित कुमार रावटे के पार्थिव शरीर का आगमन होते ही उनके परिजनों सहित अंतिम यात्रा में क्षेत्रीय विधायक पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया पूरा गांव उन्हें विदाई देने उमड़ पड़ा।

## सशिमं खर्रा में हुआ मातृ सम्मेलन



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर में शिशु नगरी एवं मातृ सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारती साहू थीं, अध्यक्षता दमयंतिन साहू ने की। विशेष अतिथि हेमलता साहू, संगीता साहू, पूर्णिमा साहू, पूनम सोरी एवं कात्यायनी पडोटो थे।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर सरस्वती माता, प्रणव अक्षर ओम एवं भारत माता का उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप मंत्र के साथ पूजन किया गया। प्रधानाचार्य फलदेव साहू ने विद्यालय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।बौद्धिक प्रमुख वरिष्ठ आचार्य सूखित राम कलिहारी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे-छोटे भैया बहनों का शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास करना है। माता बच्चों की प्रथम गुरु व परिवार प्रथम पाठशाला है। अतः माता छोटे भैया-बहनों को शिक्षा के साथ संस्कार भी प्रदान करें। कार्यक्रम में छोटे भैया-बहनों एवं उपस्थित माता के लिए विभिन्न खेलकूद एवं प्रतिभा परिस्कार के अंतर्गत गीत व भजन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को विद्यालय परिवार की ओर से पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य परिवार कामता प्रसाद साहू, मनोहर साहू, सूखित राम कलिहारी, टुमेशवरी पटेल, छबीलता पटेल, चितेशवरी साहू, लिलेश्वरी साहू का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन दीदी छबीलता पटेल ने किया।

## जामगांव आर में खुला भाजपा का चुनाव कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

■ सांसद विजय ने सोमवार को किया उद्घाटन



भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर मंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के संचालन के लिए पार्टी के चुनाव कार्यालय का जामगांव आर में सांसद विजय बघेल ने सोमवार को उद्घाटन किया।

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 के भाजपा अधिकृत प्रत्याशी कल्पना नारद साहू, जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू सहित जामगांव आर भाजपा मंडल के समस्त भाजपा समर्थित जनपद पंचायत प्रत्याशी सरपंच प्रत्याशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जामगांव आर भाजपा मंडल स्तरीय इस आयोजन में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, भाजपा दुर्ग जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष जामगांव आर मंडल निर्मल जैन, महामंत्री राजेश बंछोर, उपाध्यक्ष टेसराम साहू, योगेश्वर साहू, रवि सिन्हा, रामकुमार सिंह चंद्राकर, भास्कर वर्मा, भगवान सिंह चंद्राकर, पूर्व महामंत्री मंडल पूर्व कोषाध्यक्ष नरेश केला, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष मुकेश साहू सहित बूथ स्तरीय नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उक्त अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि केंद्र और छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बन चुकी है। मोदी की गारंटी और प्रदेश भाजपा साय सरकार की साय साय वादा पूर्ति से सीधे लाभ सबको मिल रहा है। गांवों के विकास की गंगा बहाने के लिए भाजपा समर्थित जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य सरपंच पंच प्रत्याशी को आशीर्वाद अपना मत प्रदान कर ड्रिपल इंजन की सरकार बनाएं। पंचायत से संसद तक भाजपा की सरकार बनाकर योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं। सांसद ने कार्यकर्ताओं को समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा दी।

वहीं, दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने भी भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। इस दौरान जिला पंचायत क्रमांक 12 की भाजपा अधिकृत प्रत्याशी कल्पना नारद साहू, सोसायटी प्राधिकृत अधिकारी बेनीराम साहू, कन्हैयालाल साहू, सीताराम साहू, अभिषेक सेन, राजेश्वर साहू, मेघनाथ गायत्री, नरेंद्र धर्मगुड़ी, अंगेश्वर साहू, अरुण चंद्राकर, पीतांबर साहू, कामता प्रसाद साहू, पूर्णेंद्र सिन्हा, सुरेश जैन, प्रेमलता चंद्राकर, आदेश यादव, उज्ज्वल केला, जालम सेन, दुजराम यादव उपस्थित थे। संचालन मनीष जैन अग्रेश्वर साहू ने किया।

## गोंडवाना गोंड़ महासभा के वक्ताओं ने दी सामाजिक संस्कार व संस्कृति की जानकारी

ग्राम परेंगुड़ा में हुआ दो दिवसीय महाधिवेशन, सांस्कृतिक जागरण के लिए कार्यशाला पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



छत्तीसगढ़ गोंडवाना गोंड़ महासभा तहसील ईकाई बालोद का दो दिवसीय महाधिवेशन ग्राम परेंगुड़ा में 8 व 9 फरवरी को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष गोंडवाना गोंड़ महासभा बालोद तिरुमाल प्रेमलाल कुंजाम थे, अध्यक्षता तिरुमाल फिरंता उईके तहसील अध्यक्ष बालोद ने की। मुख्य अतिथि कुंजाम ने कहा कि एकता के सूत्र में बंधे रहने के लिए समाज में सांस्कृतिक जागरण आवश्यक है, और इसके लिए क्षेत्रीय व ग्रामीण स्तर में कार्यशाला लगाये जाने पर बल दिया।

इसके पूर्व प्रथम दिवस सुबह मुख्य पुजारी दुष्यत ओटीं मार्गदर्शन में ईष्ट देव बड़ादेव का पूजा अर्चना किया, सभी परिक्षेत्र अध्यक्षों द्वारा उपस्थित समाज के बीच शिक्षा, संस्कृति, आर्थिक उन्नति व नशापान निषेध पर व्यापक चर्चा की। साथ ही विवाह में फिजूलखर्ची रोकने, जन्म संस्कार को साल भर छह महीने में मनाने पर आपत्ति जताई। इसे नियमावली में निर्धारित अवधि में करने के निर्देश दिए। जादूगर तिरुमाल चेतन नागवंशी ने जादू दिखाकर पूरी सभा को बांधे रखा। बीच-बीच में भैंसबोड़ और लिमोरा के सांस्कृतिक कार्यक्रम व रेला पाटा प्रस्तुति दी गई। द्वितीय दिवस ईष्टदेव के पूजा पश्चात रूढ़ी प्रथा व नार्र व्यवस्था पर तिरुमाल सोनसाय नेताम ने बारीकी से बताने का प्रयास किया। तिरुमाल उमेंद सिंह मंडावी द्वारा समाज में टुन्डा, मुन्डा कुन्डा जन्म, विवाह, मृत्यु संस्कार मनाने के महत्व क्या है के संबंध में जानकारी दिया गया, साथ ही शिक्षा, खेल के क्षेत्र मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रतीक चिन्ह व राशि भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान युवक-युवती परिचय भी हुआ।

### शिक्षा, रोजगार, सामाजिक व्यवस्था में सुधार पर जोर

कार्यक्रम में उपस्थित विशेष अतिथियों अमर सिंह श्याम पूर्व तहसील अध्यक्ष ने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक व्यवस्था में सुधार पर बल दिया। पूर्व तहसील अध्यक्ष कामता प्रसाद धुरवे ने अन्तर्जातीय व अन्तर्धर्मी हो रहे लोगों को ध्यान में रखते हुए रोकने के लिए आवश्यक सामाजिक योजना तैयार करने की नसीहत दी। रिटायर्ड डिप्टी कलेक्टर केएल. सोरी ने शिक्षा में सुधार व सरकारी योजना का लाभ लेने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से नरेश मंडावी, सुरेश गंगराले, रविन्द्र मंडावी, हुसैन नेताम, लखन नेताम, रुपा बाई मंडावी, फूलबासन, रामचंद, प्रेम कोर्राम, राजेन्द्र पड़ती सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष व युवा युवतियां उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र पडोटी तथा अभार प्रदर्शन दिलीप नागवंशी ने किया।

## शासकीय विद्यालय टटेंगा में प्रधानमंत्री की परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का हुआ प्रसारण



■ बीईओ, बीआरसी व प्राचार्य की उपस्थिति में सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों ने देखा कार्यक्रम

**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा, बीआरसी दिनेश मालेकर और प्राचार्य आरके देवांगन की उपस्थिति में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने प्रधानमंत्री की परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को देखा। जिसमें उन्होंने परीक्षा के दौरान तनाव न लेने, खान–पान पर विशेष ध्यान देने, प्राणायाम करने की सलाह दी।

इस बीच देश भर के बच्चे सवाल पूछते गए और पीएम ने उन सभी को कुछ कहानियों और उदाहरण के माध्यम से उत्तर दिया तथा सभी पालकों को अपने बच्चों पर अपनी इच्छाओं का दबाव न बनाने की सलाह दी। विद्यालय के व्याख्याता अजय पाठक ने बताया कि बीईओ हिमांशु मिश्रा ने 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में प्रवीण सूची में आ सकने वाले संभावित बच्चों से चर्चा की। उन सभी की उत्तर पुस्तिकाओं को देखा व उनकी तैयारी की जानकारी ली और विषय शिक्षकों को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान आरडी देवांगन, चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, बिंदु साहू, चन्द्र प्रकाश सोनबोईर, अनुराधा खरे उपस्थित थे।

## दुकान का ताला तोड़कर 20 हजार नकदी सहित चॉकलेट ले उड़ा चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



■ नगर के बुधवारी बाजार में रविवार रात हुई घटना

रविवार और सोमवार की दरमियानी रात में बुधवारी बाजार स्थित किराना दुकान में रात के अंधेरे में दुकान का ताला तोड़कर 20,000 रूपये नगद समेत चोर चाकलेट की चोरी कर ले गया। कोतवाली थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305, 331(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पाण्डेपारा बालोद निवासी प्रेम प्रकाश लछवानी ने बताया कि बुधवारी बाजार बालोद में सब्जी मण्डी के पीछे मेरी दुकान है। रविवार को रात में दुकान बंद कर दोनो शटर में दो-दो ताले लगाकर घर चला गया था। सोमवार की सुबह दुकान को खोलने आया, तो देखा दुकान के दाहिने साईड के शटर का दोनों ताला टूटा हुआ था और ताला पास में ही पड़ा था। दुकान का शटर उठाकर अंदर देखा तो गल्ला वाले कबर्ड को तोड़कर गल्ले में रखे नगदी रकम 200, 100, 50, 20, 10 रूपये के नोट कुल रकम लगभग 20,000 रूपये तथा शो केश में रखे चाकलेट नहीं थे। घटना के बाद दुकान में लगे सीसीटीवी को खंगालने के बाद फूटेज सामने आ गया है, जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि चोर चेहरे पर नकाब बांधकर चोरी कर रहा है और दुकान में लगे सीसीटीवी को भी किसी औजार से तोड़ रहा है। थाना प्रभारी बालोद रविशंकर पाण्डेय ने बताया कि घटना की सीसीटीव्ही फूटेज सामने आ चुका है। चोर की पता तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा। मामले की जांच जारी है।

